nandgaon times april-14-3.qxd 4/13/2026 11:29 PM Page 1

छत्तीसगढ़ के ओम यादव और... पृष्ठ 2 | संपत्ति कर के मुद्दे पर महापौर की ओछी... पृष्ठ 3

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 14 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 179, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## नगर पालिक निगम राजनांदगांव, सीबीडीए एवं बीपीसीएल के मध्य एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर

### संयंत्र में लगभग 100 करोड़ रूपए का निवेश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्सव)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में आज स्पीकर हाऊस रायपुर में सीबीजी संयंत्र की स्थापना के लिए नगर पालिक निगम राजनांदगांव, सीबीडीए एवं बीपीसीएल के मध्य त्रिपक्षीय कंसेशन एग्रीमेंट (सीए) पर हस्ताक्षर किया गया। इस एग्रीमेंट के तहत नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम बोईरडीह में बीपीसीएल द्वारा स्वयं के निवेश से सीबीजी संयंत्र की स्थापना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उप-मुख्यमंत्री श्री अरूण साव की उपस्थिति में सतत योजना के तहत नगर पालिक निगम राजनांदगांव में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र स्थापना हेतु सीबीडीए, बीपीसीएल के साथ त्रिपक्षीय एमओयू निष्पादित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य में सतत योजना अंतर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट एवं अधिशेष बायोमास से जैव ईंधन जैसे कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुये छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) द्वारा निरंतर प्रयास के फ्लस्वरूप भारत सरकार का उपक्रम भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा नगर पालिक निगम राजनांदगांव में 100-150 टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट एवं बायोमास आधारित कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी। सीबीजी संयंत्र की स्थापना होने से नगर पालिक निगम राजनांदगांव जिले के आसपास के निकायों से लगभग 100-150 मिट्रिक टन प्रतिदिन अधिशेष बायोमास एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट के उपयोग से लगभग 12-15 मिट्रिक टन प्रतिदिन जैव ईंधन उत्पादन में किया जाएगा। भारत सरकार की मंशानुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में सिटी गैस वितरण योजना के तहत बिछाये जा रहे प्राकृतिक गैस पाईप लाईन में सिटी गैस स्टेशन के माध्यम से सीबीजी का सम्मिश्रण किया जायेगा। इस संयंत्र में लगभग 100 करोड़ रूपए का निवेश शत-प्रतिशत बीपीसीएल द्वारा किया जाएगा। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 30 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार सृजित होंगे। संयंत्र निर्माण के दौरान भी व्यापक पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र में पूर्ण क्षमता के उत्पादन एवं विक्रय होने पर प्रतिवर्ष लगभग राशि 1 करोड़ का जीएसटी प्राप्त होगा। संयंत्र में सह उत्पाद के रूप में प्राप्त जैविक खाद से जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। संयंत्र की स्थापना से ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में कमी आयेगी तथा पर्यावरण स्वच्छ होगा। सीबीजी के उपयोग से राज्य नेट जीरो ईमिसन प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होगा। त्रिपक्षीय कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के दौरान सांसद श्री संतोष पाण्डेय, महापौर श्री मधुसुदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीबीडीए श्री सुमित सरकार, कार्यपालिक निदेशक बीपीसीएल श्री अनुराग सरावगी सहित सीबीडीए एवं बीपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सुरों की मल्लिका आशा भोसले हुई पंचतत्व में विलीन



**मुम्बई (नांदगांव टाइम्स)।** महान गायिका और सुरों की मल्लिका आशा भोसले का अंतिम संस्कार आज मुंबई के दादर इलाके में स्थित ऐतिहासिक शिवाजी पार्क के श्मशान भूमि पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। महाराष्ट्र सरकार की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे ताकि उनके हजारों प्रशंसक अपनी प्रिय गायिका को आखिरी विदाई दे सकें। इसके पहले उनका पार्थिव शरीर पूर्वान्ह ग्यारह बजे से उनके घर 'कासा ग्रैंड' में अंतिम दर्शन के लिये रखा गया। इसके पश्चात आशा भोसले के पार्थिव शरीर को एक सफेद और पीले फूलों से सजे वाहन में शिवाजी पार्क ले जाया गया, उनकी अंतिम यात्रा के दौरान लोग भावुक दिखे। यहां उनके बेटे आनंद भोसले ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस भावुक अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, सुनीता पवार, सचिन तेंदुलकर, उद्धव ठाकरे, सुप्रिया सुले, आमिर खान, विक्की कौशल, शान सहित फिल्म और राजनीतिक जगत के दिग्गज हस्तियों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। यहां हर किसी ने एक ही बात कही कि संगीत की दुनियां में जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे कभी भरा नही जा सकेगा। बताते चलें कि सिंगर ने रविवार को 92 साल की उम्र में अंतिम सांस ली, उन्हें चेस्ट इंफेक्शन की वजह से शनिवार को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था, लेकिन डॉक्टर्स की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। आज हिन्दू रीति - रिवाजों के तहत उनका अन्तिम संस्कार किया गया। उसकी बड़ी बहन लता मंगेश्कर के जाने के बाद आशा ही मंगेश्कर परिवार की मुख्य स्तम्भ थीं। आशा भोसले ने अपने करियर में करीब 12,000 से ज्यादा गाने गाकर कई रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किये।









## संस्कृतभारती राजनांदगांव द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विगत दिनों संस्कृतभारती राजनांदगांव द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अखिल



भारतीय प्रचार प्रमुख श्रीशदेव पुजारी जी ने संस्कृत भाषा को जन- जन तक कैसे पहुंचाया जाये उसके लिए प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों के बारे में बताया । संस्कृत एक देव भाषा है, और यह पूर्णतः वैज्ञानिक भाषा है। संस्कृत पर अनेक शोध हो रहे है। यह भाषा हमारे भारत का गौरव है। इस भाषा के माध्यम से हम अपनी गौरवशाली पंरपरा को बचा पायेगें। इस तरह की महत्वपूर्ण बाते गोष्ठी में उपस्थित विद्वानों द्वारा की गई। गोष्ठी में संस्कृत भारती के प्रान्त अध्यक्ष डॉ. सतेन्द्र सिंह सेंगर, प्रान्त मंत्री श्री हेमंत साहू, केशवानंद महाराज, समाजसेवी श्री अशोक चौधरी जी संस्कृतभारती की विभाग संयोजिका डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा , जनपदमंत्री श्री संतोष वर्मा, सतीश तिवारी, अश्वन सार्वा, श्री नरेन्द्र, धनगेश्वर, श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, डॉ. शंकरमुनि राय, श्रीमती पिंकी साहू आदि उपस्थित है।

## भाजपा ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान में उमरवाही पहुंचा

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुमरदा मंडल विधानसभा खुज्जी के ग्राम उमरवाही में गांव और बस्ती चलो



अभियान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपाल भूआर्य , ह्रदय राम देवांगन मंडल अध्यक्ष कुमरदा, दीनदयाल साहू अध्यक्ष सरपंच संघ छुरिया, हरिला चंद्रवंशी जनपद सदस्य, कोमल सिन्हा महामंत्री , अनंत तिवारी, ठाकुर राम यादव, चोवा साहू, भूपेंद्र नायक, लक्ष्मण साहू, ताम्रज साहू, प्रीतम साहू, गैंद लाल सिन्हा सरपंच, रामाधीन रावटे सरपंच उमरवाही, दिलीप साहू, राजू देशलहरे , कार्तिक राम जांगड़े की उपस्थिति में,भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणी योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दिए तथा योजना के लाभान्वित व्यक्ति क सम्मान गमछा भेंट कर किया गया साथ ही साथ महान समाज सुधारक, राष्ट्र भक्त, महात्मा ज्योतिबा फुले जी का भी जयंती मनाया गया जिसमें उनकी जीवन के बारे मे बताया गया।कार्यक्रम प्रभारी कपिल बघेल अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष कुमरदा मंडल ,समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हायर सेकेंडरी तिलईरवार का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित , छात्राओं ने मारी बाजी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय तिलईरवार का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम 2026 ( कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवीं ) घोषित किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमडीसी के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी,अध्यक्षता संस्था प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, विशिष्ट अतिथि रेशम लाल पटेल , प्रकाश सूर्यवंशी एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 57त्न रहा। कुल दर्ज संख्या 88 में 50 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें कु टामेश्वरी 91त्न प्रथम, कु पविता 86त्न द्वितीय, कु डूमेश्वरी 85त्न तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं में कुल दर्ज 60 जिसमें 48 विद्यार्थी उत्तीर्ण, कुल 80त्न रिजल्ट रहा।

# छत्तीसगढ़ के ओम यादव और अवि मानिकपुरी,भारतीय सब जूनियर बालक कोर टीम में चयनित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के ओम यादव (राजनंदगाँव)और अवि मानिकपुरी (बिलासपुर)का चयन भारतीय सब जूनियर बालक प्रशिक्षण शिविर हेतु किया गया है। चयनित टिम आगामी 29 मई से 06 जून तक जापान में आयोजित होने वाली अंडर 18 एशिया कप में भाग लेगी ।जिसका प्रशिक्षण शिविर भोपाल में दिनांक 19 अप्रैल से 25 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ हाकी के लिए गर्व का क्षण है। भारतीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रशिक्षण शिविर में ओम यादव और अवि मानिकपुरी का चयन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी साबित होगा । फॉरवर्ड पोजीशन में खेलने वाले राजनांदगांव के ओम यादव और मिडफील्डर खेलने वाले बिलासपुर के अवि मानिकपुरी विगत 5 वर्षों से छत्तीसगढ़ हाकी टीम का प्रतिनिधित्व करते आ रहे है। उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन राजगीर (बिहार )में आयोजित 16वी हाकी इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है,जहाँ ओम ने छत्तीसगढ़ और अवि ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था ।ओम





यादव वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य खेल अकादमी बिलासपुर के आवासीय हॉकी केंद्र तथा अवि मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और कोचों के मार्गदर्शन को जाता है। सब जूनियर इंडिया कोर टीम में चयन होने से दोनों भारतीय राष्ट्रीय टीम की मुख्य विकास योजना का हिस्सा बनेंगे । यहाँ से उसके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का सीधा अवसर होगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह सफलता न केवल इन खिलाड़ीयो के प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि छत्तीसगढ़ में हॉकी के बढ़ते स्तर और वहां दी जा रही ट्रेनिंग की गुणवत्ता का भी प्रमाण है। भविष्य में हमें इनसे भारतीय टीम की जर्सी में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरवान्वित है। ओम यादव और अवि मानिकपुरी के भारतीय सब जूनियर बालक कोर ग्रुप में चयन होने पर माननीय श्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन,श्री डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन,श्री अरुण साव उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन,श्रीमती तनुजा सलामे निर्देशक खेल एवं युवा कल्याण विभाग,श्री मधुसूदन यादव पूर्व सांसद एवं महापौर, श्री अभिषेक सिंह,श्री फ़िरोज़ अंसारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, श्री मनीष श्रीवास्तव, महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी,डी रविशंकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ए एक्का सहायक संचालक खेयुका बिलासपुर, राजनंदगाँव जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायण धकेता,जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष रोहित बाजपाई, आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगर के डॉ गजेन्द्र हरिहरणों सम्मानित हुए

## प्रेम पुष्प समरस शिरोमनी सम्मान से सम्मानित हुए

**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगाँव नगर के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार, मंच संचालक, छंद गुरु,रंगकर्मी,शिक्षा विद डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो दीप को गांधीनगर गुजरात में 12 अप्रैल को समरथ संस्थान साहित्य सृजन भारत के 11 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रेम पुष्प समरस शिरोमणि सम्मान-2026 सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में भारत देश के 18 राज्यों से लगभग 150 साहित्यकार सम्मिलित हुए। उनको इस सम्मान के लिए देश-विदेश के सभी साहित्य कारों , परिजनों



व इष्टमित्रों ने बधाई प्रेषित किया है।डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो दीप के साथ अखिलेश्वर मिश्रा 'अकाट्य' पिनकापार बालोद, हर्षा देवांगन' हर्षराज' डौंडी लोहारा,गायत्री साहू 'शिवांगी ' बालोद, डॉ माधवी गणवीर व रोहिणी पटेल डोंगरगाँव, ममता यादव रायपुर भी इस राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित हुए। डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो दीप ने बताया कि समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत का 13 वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन 11-12 अप्रैल 2028 को संस्कार , साहित्य व कला की धानी राजनांदगाँव में आयोजित किये जाने की घोषणा की गई।

# डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी की जयन्ती धूमधाम से मनाई जाएगी,निकलेगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती पर नगर अंचल भर में धूमधाम से मनाई जाएगी। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष 4 दिवसीय समिति के माध्यम से नगर स्तरीय बाबा साहब जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है,जो कि 11 अप्रेल महामानव ज्योतिबाफुले जयंती से प्रारम्भ किया जाता है इस वर्ष भी समस्त वार्ड स्तर से लेकर नगर स्तरीय आयोजन किया जाना है, 13 को बाबा साहब की 135 वी जयंती पर नगर से राजनांदगांव में तुलसीपुर, मोतीपुर,नवागॉव गौतम नगर, मोतीपुर,रामनगर,शंकरपुर, शांतिनगर,पुराना ढाबा,चिखली,स्टेशनपारा, रामनगर,राहुलनगर,लखोली,भरकापारा, इंदिरा नगर,बसन्तपुर 14 अप्रेल को इन विभिन्न वार्डो से झांकियों के साथ रैली निकालने की तैयारी की गई है,जो आकर्षक का केंद्र बनेगी यह रैली महारानी स्कूल के पास एकत्रित होकर गुड़ाखु लाईन, सिनेमा लाइन,मानव मन्दिरचौक, गुरुद्वारा चौक, आम्बेडकर चौक होकर सिविल लाइन स्थित डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर भवन में समाप्त होगी, जंहा पर पीयूष वासनिक शाम ए भीमा का संगीतमय आयोजन के साथ मुख्य वक्ता शंभू कुमार सिंह संपादक नेशनल दस्तक दिल्ली द्वारा वक्तव्य सुनने का लाभ प्राप्त होगा,भोजन की व्यवस्था भी समिति के द्वारा की गई हैं। हजारो की संख्या में आम्बेडकर अनुयायी उपस्थित होंगे, बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर समारोह समिति से संयोजक राजू बारमाटे,दीपांकर खोब्रागडे, तथा सदस्य दीपक कोटाँगले, देवपाल रामटेके, राहुल श्यामकुवर,शशिकान्त गनवीर अन्य पदाधिकारीयो ने इसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली है।

# डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की 135वीं जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नीरज विद्या मंदिर, मोहद, डोंगरगाँव में दिनाँक 13 अप्रैल 2026 को भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज-सुधारक एवं युग-द्रष्टा डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की 135वीं जयंती अत्यंत उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसकी सम्पूर्ण योजना एवं संचालन कक्षा 11 के मेधावी विद्यार्थियों द्वारा किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप-प्रज्वलन एवं डॉ. आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात् कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने डॉ. आम्बेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और उनके अमूल्य योगदान पर आधारित एक सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक विशेष सभा प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने इस सभा की प्रत्येक गतिविधि को स्वयं नियोजित, निर्देशित और प्रस्तुत किया, जो उनकी नेतृत्व-क्षमता और अनुशासन का परिचायक रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने डॉ. आम्बेडकर के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके शैक्षणिक संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए उनके अथक प्रयासों और भारतीय संविधान निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया। बाबासाहेब के प्रेरक विचारों पर आधारित भाषण, कविता-पाठ एवं नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया। विशेष सभा में विद्यालय के प्राचार्य श्री जीवेश द्विवेदी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. आम्बेडकर का जीवन हम सभी के लिए एक अनुकरणीय आदर्श है। उन्होंने कहा, च्बाबासाहेब ने हमें सिखाया कि शिक्षा ही वह शस्त्र है जो समाज की रूढ़ियों और अन्याय को समाप्त कर सकता है। उनका जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।ज्ज् श्री द्विवेदी जी ने कक्षा 11 के विद्यार्थियों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व, रचनात्मकता एवं सहयोग की भावना का विकास करते हैं। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष श्री लोकेश शर्मा जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, च्डॉ. भीमराव आम्बेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग-चेतना का नाम हैं।

## खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की मुलाकात

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** भिलाई-3 दिनांक 13 अप्रैल 2026 को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू के नेतृत्व में



प्रतिनिधिमंडल ने भिलाई-3 स्थित छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।मुलाकात के दौरान विधायक साहू ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए आवश्यक सहयोग का आग्रह किया। इस पर भूपेश बघेल ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर अंबागढ़ चौकी क्षेत्र से रितेश मेश्राम (पार्षद), लक्ष्मी कोसारे (जनपद सदस्य), ललित कोसारे (जनपद प्रतिनिधि) सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एनबीआईएस बोरी में विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा , फिजिक्स वाला की कक्षाओं हेतु

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स )** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में आगामी 15 अप्रैल को फिजिक्स वाला की कक्षाओं में प्रवेश हेतु विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, इस परीक्षा में शहर के सभी स्कूलों के कक्षा आठवीं, नवमीं , दसवीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। ज्ञात हो कि विगत वर्ष से नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में फिजिक्स वाला की कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है , जहां कक्षा आठवीं से बारहवीं तक की कक्षाएं फिजिक्स वाला के शिक्षाविद द्वारा ली जाती हैं । इन कक्षाओं में नियमित कक्षाओं के साथ ही आठवीं, नवमी एवं दसवीं में जेईई , नीट के फाउंडेशन कोर्स तथा ग्यारहवीं से जेईई, नीट की तैयारी भिलाई पी डब्लू के शिक्षकों द्वारा स्कूल में ऑफलाइन करायी जा रही हैं । इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु शाला द्वारा यह परीक्षा राजनांदगांव शहर के सभी स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को शुल्क



में विशेष छात्रवृत्ति छूट दी जाएगी। छात्रवृत्ति परीक्षा बोरी स्थित एनबीआईएस स्कूल में 15 अप्रैल को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क है। परीक्षा हेतु 9340280363 व 9340874310 नंबर पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन निश्चित किया जा सकता है। परीक्षा हेतु स्पाट रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। संस्था के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी का कहना है कि समय के साथ प्रतिस्पर्धा अधिक बढ़ गई है । प्रतियोगी परीक्षा आईआईटी सेक्टर की पढ़ाई के लिए पालक अपने बच्चों को घर परिवार से दूर भेजते हैं, ताकि बच्चों का भविष्य निखर सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए एनबीआईएस व फिजिक्स वाला की टीम द्वारा मिलकर जेईई , नीट की तैयारी स्थानीय स्तर पर करायी जा रही है। छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण नव प्रवेशित विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क निःशुल्क रखते हुए पी डब्लू की शुल्क में अधितम 50त्न छूट देने से पालकों को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध हो जाती है।

## टिपानगढ़ मे गांव चलो बस्ती चलो अभियान में वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान, सभापति बिरम मंडावी मुख्य अतिथि रही

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम टीपानगढ़ में च्गांव चलो बस्ती चलोज्ज् अभियान के अंतर्गत एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके



अनुभव और योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति बिरम राम कुमार मंडावी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती मंडावी ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने आगे कहा कि च्गांव चलो बस्ती चलोज्ज् अभियान का उद्देश्य केवल योजनाओं का प्रचार-प्रसार ही नहीं, बल्कि लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझना और समाधान की दिशा में कार्य करना भी है।

# छुरिया में भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान, दो दिवसीय शिविर में संगठन सशक्तिकरण पर जोर

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत 12 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर खुंटा, छुरिया में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी तथा विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना तथा कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा एवं योजनाओं से अवगत कराना है।



प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में महापौर मधूसुदन यादव ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती एवं जनसंपर्क के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में खूबचंद पारख ने पार्टी की कार्यप्रणाली एवं अनुशासन पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में सोशल मीडिया प्रभारी द्वारा डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग एवं पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बताई गई। चतुर्थ सत्र में जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। पांचवें सत्र में सांसद एवं प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय ने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सांसद पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद लंबे समय से एक बड़ी समस्या रहा है, लेकिन केंद्र सरकार एवं गृह मंत्रालय द्वारा इसे समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि नक्सलवाद के खिलाफदेशभर की सुरक्षा बलों को तैनात कर अभियान चलाया जा रहा है और इसे समाप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद से मुक्ति के बाद क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, शुद्ध पेयजल एवं समग्र ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा स्पष्ट विजन और लक्ष्य के साथ गरीब कल्याण के लिए कार्य करती रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया और सभी ने संगठन को मजबूत करने तथा जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अमर लालवनी , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा , नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल , जिला भाजपा उपाध्यक्ष जगजीत सिंह भाटिया , रोमी भाटिया , भाजपा मंडल अध्यक्ष कान्ता साहू , महामंत्री शेखर भारद्वाज अशोक मरकाम , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू , सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया ,घासी साहू राधेश्याम शर्मा , टीकम प्रसाद पांडेय , श्रीमती बेला साहू , माया राम साहू , सोहन साहू , आबिद मेमन , धन्ना यादव शिशुपाल साहू , सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण में भाग लिया।

### अरजकुण्ड में शिक्षकों का गरिमामय विदाई सम्मान समारोह,

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखण्ड छुरिया अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरजकुण्ड में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को एक भावपूर्ण विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक असलम खान एवं उच्च वर्ग शिक्षक जगराम सिंह देवांगन के 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**शुभांक**

**1-6-9**

**788-3 190-0**

**भाग्यांक**

**569-0 -----**

**नाम परिवर्तन**

**ईस्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक महावीर पिता-मंगतूराम जाति-गोंड, निवासी, ग्राम-शिकारीटोला, मकान, नं. 17, वार्ड, नं. 11, तह. अम्बागढ, चौकी,

जिला-मोहला, मानपुर, अं. चौकी (छ0ग0)। पिन नं.491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर पिंकी नेताम अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी अंकसूची, जन्मप्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर प्रियंका अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में पिंकी नेताम अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर प्रियंका अंकित कराना चाहती हूं। इस ईस्ताहार के सबंध में किसी भी शासकीय/अर्थशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईस्ताहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव इस्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें ।

स्थानः-अं.चौकी

दिनांकः-13/04/2026

**आवेदक**

**महावीर**

निवासी ग्राम-शिकारीटोला

तह. अं. चौकी

जिला-मो.मा.अं. चौकी

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ0ग0)**

**-:: ईश्तहार::-**

रा.प्र.क. 202604092300010 अ/6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मोहन कुमार साहू पिता लेख राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम मुसराकला वर्तमान निवासी जमशेदपुर झारखंड, द्वारा ग्राम मुसराकला प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़ में आवेदक के पिता लेखराम साहू पिता बाबूलाल साहू के नाम पर स्थित है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी लेखराम साहू पिता बाबूलाल साहू की मृत्यु दिनांक 16/07/2005 को जमशेदपुर में होने से फौती नामांतरण कर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु ऑनलाईन में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 29/04/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**सील** **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

nandgaon times april-14-3.qxd 4/13/2026 11:29 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) जापान में दारूमा गुड़िया क्या मानी जाती है?*
*2) राजस्थान की नई रामसर साइट कौन सी है?*
*3) पाकिस्तान से भारत आने वाले व्यक्तियों की नागरिकता किस अनुच्छेद में है?*
*4) कुशावती को किस राज्य का तीसरा जिला घोषित किया गया?*
*5) एफआईडीई विश्व ब्लिट्ज शतरंज 2025 जीतने वाली बिबिसारा अस्सौबायेवा किस देश की हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) पवित्र (2) सिलेसेड झील (3) अनुच्छेद 6 (4) गोवा (5) कजाकिस्तान000

# संपत्ति कर के मुद्दे पर महापौर की ओछी राजनीति - कांग्रेस

## निगम घेराव से पहले ही आयुक्त को अनुपस्थित कराया गया – संतोष पिल्ले




**राजनांदगांव।** शहर में बढ़े हुए संपत्ति कर को लेकर अब सियासी संग्राम तेज हो गया है। सोमवार को कांग्रेस ने नगर निगम का जोरदार घेराव कर महापौर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि घेराव के पहले ही महापौर ने नगर निगम आयुक्त को अनुपस्थित कर दिया ताकि कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद न रहे और ज्ञापन स्वीकार न किया जा सके।

हालांकि बाद में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता (ईई) दीपक खांडे और राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी ने कांग्रेस का ज्ञापन लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और संपत्ति कर में कमी की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महापौर कांग्रेस के आंदोलन से घबरा गए हैं यही कारण है कि उन्होंने आयुक्त को पहले ही हटा दिया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान बताते हुए कहा कि जनता के मुद्दों से भागना किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए शर्मनाक है। श्री पिल्ले ने कहा कि नगर निगम द्वारा तय किया गया संपत्ति कर पूरी तरह अव्यवस्थित और गलत है जिससे आम नागरिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में संपत्ति कर निर्धारण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए। प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल के लिए एक समान कर दर लागू करना तर्कसंगत नहीं है। प्रत्येक मंजिल के उपयोग और मूल्य के आधार पर अलग-अलग दरें होनी चाहिए। शहर के मुख्य मार्गों और अंदरूनी बस्तियों के लिए एक जैसी दरें तय कर दी गई हैं जबकि इन क्षेत्रों के बाजार मूल्य और सुविधाएं अलग-अलग हैं। घरों के खाली हिस्से, आंगन या खाली प्लॉट पर भी टैक्स लगाया जा रहा है, जिसे कांग्रेस ने पूरी तरह अनुचित बताया। दुकानों और व्यवसायिक परिसरों के लिए भी समान दर लागू कर दी गई है, जबकि उनकी स्थिति और आय में काफी अंतर होता है। कांग्रेस ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि संपत्ति कर में जल्द सुधार कर दरों को कम नहीं किया गया तो पार्टी आम जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। नेताओं ने कहा कि नगर निगम को चाहिए कि वह कलेक्टर गाइडलाइन और वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कर निर्धारण पर पुनर्विचार करे ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस विरोध प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख, पार्षद हफीज खान, सतीश मसीह, धनेश पाटीला, श्रीकिशन खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, रमेश राठौड़, डॉ. राकेश कुमार, झमन देवांगन, राकेश जोशी, मुकेश साहू, मोहम्मद इब्राहिम, माया शर्मा, गणेश पवार, रमेश डकड़िया, अनिल हुड्डा, दया दास देवांगन, विनय झा, अशोक फड़नवीस, नवीन जायसवाल, विनोद यादव, आसिफ अली, मनीष गौतम, तामेश्वर बंजारे, वीरेंद्र चंद्राकर, महेश साहू, शरद खंडेलवाल, परवेज शरीफ पूर्णिमा सुखदेव, रोशनी सिंह, संगीता साहू, प्रज्ञा गुप्ता, छोटेलाल रामटेके, सूरज शर्मा, जय नारायण सिंह, शुभम प्रसाद, विश्व आजमनी, युवराज ढीढ़हेर, संदीप सोनी, ऋषि शास्त्री, जेसन सिद्दीकी, अनसुल श्रीवास्तव, मोहन खरे, जितेंद्र साहू, आशीष बाजपेई, प्रदीप राठौर, सुरेंद्र देवांगन, सचिन डेरहरे, चेतन भानुशाली, सिद्धार्थ डोंगरे, राजा यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। संपत्ति कर को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब राजनीतिक तूल पकड़ चुका है। कांग्रेस जहां इसे जनता से जुड़ा बड़ा मुद्दा बना रही है वहीं निगम प्रशासन पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। आने वाले दिनों में यदि इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो शहर में आंदोलन और तेज होने की संभावना है।

## प्रदेश स्वर्णकार समाज में वीरेंद्र सोनी को प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश स्वर्णकार समाज द्वारा नगर के वीरेंद्र सोनी को प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपते हुए पद पर मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक मंच के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास सोनी की अनुशंसा व संजीव कुमार सोनी राष्ट्रीय सचिव एवं निखिल सोनी राष्ट्रीय महामंत्री युवा प्रकोष्ठ की सहमति पर श्री सोनी को प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच परिवार की तरफसे बधाई देते आशा जताई गई है कि श्री सोनी स्वर्णकार समाज और देश हित में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्वों का भली-भाँति निर्वहन करते हुए स्वर्णकार समाज एवं राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करेंगे।



## स्व. राजा शिवेंद्र बहादुर सिंह बस स्थानक के जीर्णोद्धार की मांग

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा वीरांगना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के द्वारा रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर



पालिका परिषद डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौपा गया, जिसमें स्व. श्री राजा सहाब शिवेन्द्र बहादुर सिंह जी के नाम से बस स्थानक डोंगरगढ़ जिसका जिर्णोधार, शुध्द पेयजल की व्यवस्था, महिला/पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था तथा बैठक व्यवस्था आदि किये जाने हेतु मांगपत्र सौपा गया। श्री डोंगरे के द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्रताशीघ्र उक्त बस स्टैण्ड के जजीर्णोद्धार के कार्य को पूर्ण किये जाने का प्रयास किया जावेंगा तथा उक्त बस स्टैण्ड में पूर्ण रूप से व्यवस्था पर ध्यान देकर पूर्ण किये जाने का प्रयास किया जावेंगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की अध्यक्ष-श्रीमती नीति सिंह, उपाध्यक्ष मधु सिंह ठाकुर, सचिव नेहा सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष मोना राणा सिंह, सुचित्रा कलचुरी,साधना तोमर, गिरिजा राजपूत,श्वेता सिंह चौहान,संगीता सिंह राजपूत, ममता राजपूत सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें।

## ग्राम धरमपुरा को लखपति ग्राम बनाने की दिशा में पहल



**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक अग्रवाल द्वारा बिहान अंतर्गत विकासखंड कवर्धा ग्राम धरमपुरा को च्च्लखपति ग्रामज्ज् के रूप में विकसित करने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम धरमपुरा में संचालित महिला स्व-सहायता समूहों की आजीविका गतिविधियों, आय वृद्धि एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तार से समीक्षा की गई। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने निर्देशित किया कि ग्राम की अधिक से अधिक महिलाओं को वार्षिक 1 लाख रुपए या उससे अधिक आय अर्जित करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाएं, जिससे ग्राम को लखपति ग्राम के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों एवं कैडर्स को निर्देश दिए कि महिला समूहों को आयमूलक गतिविधियों से जोड़ा जाए, कृषि, पशुपालन, सूक्ष्म उद्यम एवं सेवा क्षेत्र में अवसर विकसित करें। बैंक लिंकेज एवं ऋण सुविधा का अधिकतम लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग को बढ़ावा देना के योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर च्च्लखपति दीदीज्ज् की संख्या में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें, जिससे ग्राम धरमपुरा लखपति ग्राम के रूप में स्थापित हो सके। सीईओ अग्रवाल ने कहा कि बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है तथा ग्राम धरमपुरा को लखपति ग्राम बनाने के लिए सभी विभागों के समन्वय से कार्य करना आवश्यक है। बैठक में जनपद पंचायत सीईओ श्री संदीप पोयम, जिला मिशन प्रबंधक बिहान रामेंद्र सिंह गुर्जर, विकासखंड मिशन प्रबंधन इकाई के अधिकारी, ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन के पदाधिकारी तथा कैडर्स उपस्थित रहे।

# सिंघरापारा बना हर घर जल गांव, हर घर तक पहुंचा स्वच्छ पानी

### जल जीवन मिशन से बदली गांव की तस्वीर, महिलाओं को मिली बड़ी राहत

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** कबीरधाम जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा का ग्राम सिंघरापारा 'हर घर जल' गांव बन गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटकीपारा के इस आश्रित ग्राम में प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की पहुंच सुनिश्चित कर दी गई है। ग्रामीणों की सामूहिक सहभागिता से मिली इस उपलब्धि ने न केवल गांव की तस्वीर बदली है, बल्कि महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लाने के संघर्ष से भी मुक्ति दिला दी है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के पीछे ग्राम सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जहां सर्वसम्मति से योजना को अपनाने और उसे धरातल पर उतारने का निर्णय लिया गया। ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप आज हर घर तक नियमित और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। पहले इस गांव की महिलाओं और बच्चों को रोज़



दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाना पड़ता था। इसमें समय भी लगता था और मेहनत भी अधिक होती थी। लेकिन अब हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से पानी मिलने लगा है। इससे न केवल समय और श्रम की बचत हुई है, बल्कि उनके जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। अब महिलाएं अपने समय का उपयोग अन्य जरूरी कार्यों में कर पा रही हैं और बच्चों को भी पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इसमें सिर्फ सुविधा नहीं दी गई, बल्कि गांव के लोगों को इसके संचालन और रखरखाव में भी शामिल किया गया। इससे योजना लंबे समय तक सुचारू रूप से चलती रहेगी और गांव आत्मनिर्भर बनेगा। आज सिंघरापारा सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि एक प्रेरणा बन चुका है। जब सरकार की योजना और जनता का सहयोग एक साथ आता है, तो बदलाव निश्चित होता है।

# सामाजिक क्रांति के महानायक थे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर - रविंद्र रामटेके

**जयंती पर विशेष**


डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। कबीर पंथी पिता और धर्ममर्मपरायण माता की गोद में बालक का आरंभिक काल अनुशासित रहा। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का मूल नाम भीमराव था। उनके पिताश्री रामजी वल्द मालोजी सकपाल महू में ही मेजर सूबेदार के पद पर एक सैनिक अधिकारी थे। अपनी सेवा के अंतिम वर्ष उन्होंने और उनकी धर्मपत्नी भीमाबाई ने काली पलटन स्थित जन्मस्थली स्मारक की जगह पर विद्यमान एक बैरेक में गुजारे। सन् 1891 में 14 अप्रैल के दिन जब रामजी सूबेदार अपनी ड्यूटी पर थे, 12 बजे यहीं भीमराव का जन्म हुआ। कबीर पंथी पिता और धर्ममर्मपरायण माता की गोद में बालक का आरंभिक काल अनुशासित रहा। बालक भीमराव का प्राथमिक शिक्षण दापोली और सतारा में हुआ। बंबई के एलफिस्टोन स्कूल से वह 1907 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। इस अवसर पर एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया और उसमें भेंट स्वरुप उनके शिक्षक श्री कृष्णाजी अर्जुन केलुस्कर ने स्वलिखित पुस्तक बुद्ध चरित्र उन्हें प्रदान की। बड़ौदा नरेश सयाजी राव गायकवाड की फेलोशिप पाकर भीमराव ने 1912 में मुबई विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा पास की। संस्कृत पढने पर मनाही होने से वह फारसी लेकर उत्तीर्ण हुये। अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय बी.ए. के बाद एम.ए. के अध्ययन हेतु बड़ौदा नरेश सयाजी गायकवाड़ की पुनः फेलोशिप पाकर वह अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में दाखिल हुये। सन 1915 में उन्होंने स्नातकोत्तर उपाधि की परीक्षा पास की। इस हेतु उन्होंने अपना शोध प्राचीन भारत का वाणिज्य लिखा था। उसके बाद 1916 में कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका से ही उन्होंने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की, उनके पीएच.डी. शोध का विषय था, ब्रिटिश



भारत में प्रातीय वित्त का विकेन्द्रीकरण। फेलोशिप समाप्त होने पर उन्हें भारत लौटना था, अतः वे ब्रिटेन होते हुये लौट रहे थे। उन्होंने वहां लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स एण्ड पोलिटिकल सांइस में एम.एससी. और डी. एस सी. और विधि संस्थान में बार-एट-लॉ की उपाधि हेतु स्वयं को पंजीकृत किया और भारत लौटे। सब से पहले छात्रवृत्ति की शर्त के अनुसार बडौदा नरेश के दरबार में सैनिक अधिकारी तथा वित्तीय सलाहकार का दायित्व स्वीकार किया। पूरे शहर में उनको किराये पर रखने को कोई तैयार नही होने की गंभीर समस्या से वह कुछ समय के बाद ही मुंबई वापस आये। दलित प्रतिनिधित्व वहां परेल में डबक चाल और श्रमिक कॉलोनी में रहकर अपनी अधूरी पढाई को पूरी करने हेतु पार्ट टाईम अध्यापकी और वकालत कर अपनी धर्मपत्नी रमाबाई के साथ जीवन निर्वाह किया। सन 1919 में डॉ. अम्बेडकर ने राजनीतिक सुधार हेतु गठित साउथबरो आयोग के समक्ष राजनीति में दलित प्रतिनिधित्व के पक्ष में साक्ष्य दी। अशिक्षित और निर्धन लोगों को जागरुक बनाने के लिया काम उन्होंने मूक और अशिक्षित और निर्धन लोगों को जागरुक बनाने के लिये मूकनायक और बहिष्कृत भारत साप्ताहिक पत्रिकायें संपादित कीं और अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी करने के लिये वह लंदन और जर्मनी जाकर वहां से एम.एससी., डी.एससी. और बैरिस्टर की उपाधियाँ प्राप्त की। उनके एम. एस सी. का शोध विषय साम्राज्यीय वित्त के प्राप्तीय विकेन्द्रीकरण का विश्लेषणात्मक अध्ययन और उनके डी.एससी उपाधि का विषय रूपये की समस्या उसका उद्भव और उपाय और भारतीय चलन और बैकिंग का इतिहास था। बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर को कोलंबिया विश्वविद्यालय ने एल.एलडी और उस्मानिया विश्वविद्यालय ने डी. लिट्. की मानद उपाधियों से सम्मानित किया था।

## धर्म समाचार....

# बिजनेस में चाहिए बंपर तरक्की? बुध प्रदोष पर महादेव और गणेश जी को खुश करने के लिए करें ये उपाय




बिजनेस और काम-काज में उतार-चढ़ाव आना एक आम बात है, लेकिन कई बार मेहनत करने के बाद भी मनचाहा फल नहीं मिलता। ऐसे में ज्योतिष शास्त्र और हमारे पुराणों में कुछ खास दिनों का जिक्र किया गया है, जब किए गए उपाय सीधे असर दिखाते हैं। बुध प्रदोष व्रत। 15 अप्रैल 2026 को पड़ने वाला बुध प्रदोष व्रत बुधवार के दिन है, इसलिए इसे 'बुध प्रदोष' कहा जाता है। ज्योतिष में बुध ग्रह को व्यापार, बुद्धि और संवाद का कारक माना गया है। जब महादेव की भक्ति के साथ बुध का संयोग मिलता है, तो यह व्यापारियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता।

**पुराणों में क्या लिखा है?**

भगवान शिव की महिमा बताने वाले 'शिव पुराण' और 'स्कंद पुराण' में प्रदोष व्रत के महत्व का विस्तार से वर्णन मिलता है। इन ग्रंथों के अनुसार, प्रदोष काल (सूर्यास्त के समय) में महादेव कैलाश पर्वत पर प्रसन्न मुद्रा में नृत्य करते हैं और अपने भक्तों की हर मुराद पूरी करते हैं। विशेष रूप से बुधवार के प्रदोष के बारे में मान्यता है कि यह ज्ञान और धन की बाधाओं को दूर करता है। बुधवार का दिन भगवान गणेश का है, जो विघ्नहर्ता हैं। बिजनेस की रुकावटें दूर करने के लिए इस दिन गणेश जी को 21 दूर्वा (घास) की गांठें चढ़ाएं। इससे व्यापार में आ रही अड़चनें खत्म होती हैं। बुध ग्रह का रंग हरा है। इस दिन शिवलिंग पर थोड़े से साबुत हरे मूंग चढ़ाएं और बाद में किसी जरूरतमंद को हरी सब्जी या मूंग की दाल दान करें। यह




उपाय आपकी 'बिजनेस स्किल' और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करता है। प्रदोष काल में शिवलिंग पर शहद और शुद्ध जल से अभिषेक करें। शहद चढ़ाने से आपके स्वभाव में मिठास आती है और ग्राहकों के साथ आपके संबंध बेहतर होते हैं। शिव मंदिर जाएं तो भगवान के वाहन नंदी के कान में अपने बिजनेस संबंधी परेशानी या मनोकामना जरूर कहें। माना जाता है कि नंदी भक्तों की बात महादेव तक जल्दी पहुंचाते हैं।

## वरुथिनी एकादशी पर नमक खाया तो क्या टूट जाएगा व्रत?

हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत सबसे कठिन और फलदायी माना जाता है। इस बार वैशाख मास की 'वरुथिनी एकादशी' को लेकर लोगों के मन में सबसे ज्यादा उलझन 'नमक' को लेकर है। अक्सर घरों में बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि व्रत में नमक नहीं खाना चाहिए। लेकिन, आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कमजोरी से बचने के लिए लोग सेंधा नमक का सहारा लेते हैं। क्या सेंधा नमक खाने से व्रत टूट जाता है? एकादशी व्रत के दौरान खान-पान को लेकर 'पद्म पुराण' और 'भविष्य पुराण' जैसे शास्त्रों में काफी विस्तार से बताया गया है। समुद्र से मिलने वाला सादा नमक फैक्ट्रियों में रिफाइन होता है और इसमें कई तरह के केमिकल प्रोसेस किए जाते हैं। शास्त्रों में इसे 'संस्कारित' भोजन की श्रेणी में रखा गया है, जो व्रत की पवित्रता को कम कर सकता है। सेंधा नमक पूरी तरह प्राकृतिक होता है। यह पहाड़ों से सीधे मिलता है, इसलिए इसे 'शुद्ध' माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, अगर आप बीमार हैं या बिल्कुल बिना नमक के नहीं रह सकते, तो विकल्प के तौर पर सेंधा नमक लिया जा सकता है। एकादशी पर सबसे बड़ा नियम 'अन्न' (चावल, गेहूं, दाल) का त्याग है। 'पद्म पुराण' में लिखा है कि इस दिन अन्न में पाप का वास होता है, इसलिए नमक से ज्यादा जरूरी अन्न से बचना है। वरुथिनी एकादशी की खास पाबंदी: इस एकादशी पर नमक के साथ-साथ कुछ और चीजों की भी मनाही है। जैसे इस दिन कांसे के बर्तन में खाना, शहद, और मसूर की दाल का सेवन करने से व्रत का फल नष्ट हो जाता है। शास्त्रों का सार यही है कि व्रत केवल शरीर को भूखा रखने के लिए नहीं, बल्कि मन को शुद्ध करने के लिए होता है। अगर आपकी सेहत इजाजत नहीं देती और नमक न खाने से आपको चक्कर आ रहे हैं, तो आप सेंधा नमक का इस्तेमाल करके अपना ध्यान भगवान विष्णु की भक्ति में लगा सकते हैं। मजबूरी में लिया गया आहार व्रत को खंडित नहीं करता, बशर्ते आपका मन साफहो।


















































प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com